दिनांक–19.01.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में CONSTRUCTION OF BLOCK CUM CIRCLE OFFICE BUILDING AT BLOCK- AMOUR, DIST-PURNEA FOR THE YR 2025-26 (Re-Tender) कार्य से संबंधित निविदा के तकनीकी बीड निष्पादन के क्रम में प्राप्त परिवाद के निष्पादन हेतु विभागीय निविदा समिति की आहूत बैठक की कार्यवाहीः–

उपस्थितिः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | श्री कुमार रवि,<br>सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | – | अध्यक्ष |
| (ii) | श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–<br>विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | – | सदस्य |
| (iii) | ई0 रामाज्ञा कुमार,<br>मुख्य अभियंता (उत्तर), भवन निर्माण विभाग, पटना। | – | सदस्य |
| (iv) | श्री विकास कुमार पाण्डेय,<br>आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। | – | सदस्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम | – | CONSTRUCTION OF BLOCK CUM CIRCLE OFFICE BUILDING AT BLOCK- AMOUR, DIST-PURNEA FOR THE YR 2025-26 |
| 2. | योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | – | ₹16,62,10,000/– (ग्रामीण विकास विभाग का ज्ञापांक–3556556 दिनांक– 10.01.2025) |
| 3. | तकनीकी स्वीकृति की कुल राशि (विद्युत कार्य सहित) | – | ₹15,96,90,436/– (मुख्य अभियंता(नि0) का पत्रांक 932 (नि0) अनु0 दिनांक–10.07.2025 एवं मुख्य विद्युत अभियंता का ज्ञापांक–732 (वि0), दिनांक–01.07.2025) |
| 4. | योजना अन्तर्गत विषयांकित कार्य हेतु परिमाण विपत्र की राशि | – | ₹15,55,98,928/- |
| 5. | निविदा आमंत्रण की तिथि | – | 12.08.2025 |
| 6. | निविदा प्राप्त (डाउनलोड) की अंतिम तिथि | – | 18.09.2025 |
| 7. | निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि | – | 19.09.2025 |
| 8. | प्री–बीड की बैठक की तिथि एवं समय | – | दिनांक–08.09.2025 को 3.00 बजे मुख्य अभियंता (उत्तर) के कार्यालय कक्ष में एवं दिनांक–01.09.2025 को 3.00 बजे अधीक्षण अभियंता भवन अंचल, पूर्णियाँ के कार्यालय कक्ष में। |
| 9. | कार्य समाप्ति की अवधि | – | 15 (पन्द्रह) माह |
| 10. | निविदा प्रसारण का माध्यम | – | ई–निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 11. | निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम | – | दैनिक समाचार पत्र। |
| 12. | निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम | – | पी0आर0सं0–011737(भवन)2025–26 |
| 13. | निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता | – | (i) BALRAM SINGH, ADD-WARD NO1 SAHARSA BIHAR.<br>– (ii) BIPIN KUMAR PATEL, WARD NO-2 AZAD NAGAR BHABUA, KAIMUR<br>– (iii) CHANDAN KUMAR SINGH, COLONY NO.8 DURGASTHAN, KATIHAR.<br>– (iv) JAI MATA DI ROAD CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED, FRIENDS COLONY BAILY ROAD PATNA |

14. **प्रथम बार आमंत्रित निविदा की कार्यवाहीः-**

दिनांक-21.08.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में विषयांकित कार्य हेतु प्रथम बार आमंत्रित निविदा में एकमात्र निविदाकार के भाग लिये जाने के कारण कारण वित्त विभाग के अधिसूचना सं0-7806, दिनांक-30.09.2016 के आलोक में निविदा को रद्द कर **'पुनर्निविदा'** करने का निर्णय लिया गया।

15. **वर्त्तमान में (द्वितीय बार) आमंत्रित निविदा की कार्यवाहीः-**

विषयांकित कार्य हेतु द्वितीय बार आमंत्रित निविदा में उपरोक्त चार निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है। उक्त चारों निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, पूर्णियाँ के पत्रांक-2339 अनु0, दिनांक-25.09.2025 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया है।

दिनांक-07.01.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में द्वितीय बार आमंत्रित निविदा में भाग लिये गये चार निविदाकारों में से कोई भी निविदाकार के सफल नहीं पाये जाने के कारण वित्त विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना सं0-7806, दिनांक-30.09.2016 के आलोक में निविदा को रद्द कर **'पुनर्निविदा' करने का निर्णय लिया गया।** लिए गए निर्णय पर आपत्ति/परिवाद हेतु कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर रखा गया। विषयांकित कार्य के परिवादी BIPIN KUMAR PATEL एवं CHANDAN KUMAR SINGH द्वारा दिनांक-12.01.2026 को तकनीकी बीड के मूल्यांकन पर लिखित आपत्ति दी गयी है, जिसका विवरण एवं उक्त आपत्ति पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्य निम्नवत् हैः-

| प्राप्त आपत्ति की विवरणी | प्राप्त आपत्ति पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्य |
|---|---|
| परिवादी BIPIN KUMAR PATEL ने अपने पत्रांक-शून्य दिनांक-11.01.2026 के द्वारा लिखित आपत्ति दी गयी है कि :-<br>तकनीकी बीड मूल्यांकन विभागीय वेबसाईट पर देखने से ज्ञात हुआ है कि मेरे फर्म को बैंक गारंटी के संबंध में असफल घोषित कर दिया गया है। श्रीमान से निवेदन पूर्वक आग्रह करना चाहेंगे कि बैंक गारंटी कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, पूर्णियाँ के नाम से बनाने हेतु मेरे द्वारा बैंक को आग्रह किया गया है। जिसकी छायाप्रति इस पत्र के साथ संलग्न की जा रही है। भवदीय से अनुरोध है कि इसकी सम्पुष्टि बैंक से की जा सकती है अथवा बैंक गारंटी को इनकैश भी की जा सकती है। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने आपत्तिकर्त्ता निविदाकार BIPIN KUMAR PATEL द्वारा दर्ज की गयी अपत्ति के आलोक में उनके द्वारा E-Tender माड्यूल में Upload किये गये तकनीकी बीड के अभिलेखों की पुर्नसमीक्षा की गई। समीक्षोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने पाया कि उपरोक्त निविदा में उपलोड बैंक गारंटी में Name of Employer (EE, Building Division, Purnea) अंकित नहीं किया गया है। जिसके फलस्वरूप बैंक गारंटी को मान्य नहीं किया जा सकता है।<br>उपरोक्त तथ्यों के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा प्राप्त आपत्ति को सर्वसम्मति से अमान्य करते हुए निविदाकार BIPIN KUMAR PATEL को तकनीकी बीड मूल्यांकन में **"नॉन-रिस्पॉन्सिव"** पाया गया। |

| | |
|---|---|
| परिवादी CHANDAN KUMAR SINGH ने अपने पत्रांक–शून्य दिनांक–12.01.2026 के द्वारा लिखित आपत्ति दी गयी है कि :– आमंत्रित पुनर्निविदा में मेरे द्वारा संलग्न दस्तावेज में PHE कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24 में ₹33,77,151.64/– मात्र का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न है, जो संबंधित कार्य के निविदा से संबंधित BOQ में दर्शाये गये कार्य की राशि ₹34,27,279/– का करीब 98.54% है, जो SBD की कंडिका– 4.5A(c) के मानक से अत्यधिक ज्यादा है। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने आपत्तिकर्त्ता निविदाकार CHANDAN KUMAR SINGH द्वारा दर्ज की गयी अपत्ति के आलोक में उनके द्वारा E-Tender माड्यूल में Upload किये गये तकनीकी बीड के अभिलेखों की पुर्नसमीक्षा की गई। समीक्षोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने पाया कि उपरोक्त निविदा में उपलोड PHE कार्य हेतु ₹35,55,000/– मात्र की मांग की गयी है। जिसके विरूद्ध परिवादी द्वारा ₹33,77,151.64/– मात्र का अभिलेख हीं समर्पित किया गया है।<br>उपरोक्त तथ्यों के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा प्राप्त आपत्ति को सर्वसम्मति से अमान्य करते हुए निविदाकार CHANDAN KUMAR SINGH को तकनीकी बीड मूल्यांकन में **"नॉन–रिस्पॉन्सिव"** पाया गया। |

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से विषयांकित कार्य हेतु द्वितीय बार आमंत्रित निविदा के परिवादी BIPIN KUMAR PATEL एवं CHANDAN KUMAR SINGH द्वारा दिये गये परिवाद को अमान्य करते हुए निविदाकार BIPIN KUMAR PATEL एवं CHANDAN KUMAR SINGH को तकनीकी बीड मूल्यांकन में **"नॉन–रिस्पॉन्सिव"** पाया गया।

16. **<u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा:–</u>**

सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से **भाग लिये चारों निविदाकारों को**

(i) " BIPIN KUMAR PATEL, WARD NO-2 AZAD NAGAR BHABUA, KAIMUR",
(ii) " BALRAM SINGH, ADD-WARD NO1 SAHARSA , BIHAR "
(iii) "CHANDAN KUMAR SINGH, COLONY NO-1, DURGASTHAN, KATIHAR" एवं
(iv) "JAI MATA DI ROAD CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED, FRIENDS COLONY BAILY ROAD PATNA"

को तकनीकी बीड में **'असफल'** घोषित करते हुए एवं अपने पूर्व के निर्णय को यथावत रखते हुए विषयांकित कार्य के द्वितीय बार आमंत्रित निविदा में कोई भी निविदाकार के सफल नहीं पाये जाने के कारण वित्त विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना सं0–7806, दिनांक–30.09.2016 के आलोक में निविदा को रद्द कर **'पुनर्निविदा'** करने की अनुशंसा के साथ सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति में रखने का निर्णय लिया गया।

17. **<u>विभागीय निविदा समिति का निर्णय:–</u>**

सम्यक् विचारोपरान्त विभागीय निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा पर सहमति प्रदान की गयी।

इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 19/1/26 | 19.1.26 | 19/1/26 | 19/1/26 |
| (विकास कुमार पाण्डेय) | (रामाज्ञा कुमार) | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर) | (कुमार रवि) |
| आन्तरिक वित्तीय सलाहकार | मुख्य अभियंता(उत्तर) | अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | सचिव |
| भ0नि0वि0, पटना। | भ0नि0वि0, पटना। | | भ0नि0वि0, पटना। |

मुख्य अभियंता (उत्तर) का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः–भ0उ0वि0/यो0(पू0)–73/2025 529 पटना, दिनांकः– 19/1/2026

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

19.1.26

मुख्य अभियंता (उत्तर)।